**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 11.10.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **मिशन शक्ति 5.0 अभियान के क्रम में थाना तिन्दवारी की मिशन शक्ति टीम द्वारा बाल विकास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कस्बा तिन्दवारी में चलाया गया जागरुकता अभियान। छात्राओं को उनकी सुरक्षा हेतु विभिन्न कानूनों, सरकारी योजनाओं, साइबर अपराधों से बचाव के उपायों एवं आपातकालीन सहायता सेवाओं आदि के बारे में दी गई जानकारी।**

**विवरण-** महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु उ0प्र0 शासन द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद के विभिन्न स्थानों पर पुलिस द्वारा जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना नरैनी की मिशन शक्ति टीम द्वारा बाल विकास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कस्बा तिन्दवारी में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस जागरूकता अभियान में छात्राओं को स्वयं की सुरक्षा, कानूनी अधिकार, सरकारी योजनाओं, साइबर अपराधों से बचाव तथा आपातकालीन सहायता सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने और किसी भी संकट की स्थिति में त्वरित और सुरक्षित प्रतिक्रिया करने के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा से संबंधित प्रमुख कानून, जैसे – पॉक्सो एक्ट, घरेलू हिंसा अधिनियम, छेड़छाड़ एवं यौन उत्पीड़न से संबंधित कानूनों के साथ साथ सरकारी योजनाएं, जैसे – बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, कन्या सुमंगला योजना, मिशन शक्ति योजना  आदि के बारे में जानकारी विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरो के बारे में अवगत कराया गया। साइबर अपराधों से बचाव, जैसे – सोशल मीडिया हैकिंग, ओटीपी फ्रॉड, फर्जी कॉल्स, और फिशिंग मेल से बचने के उपायों तथा आपातकालीन सेवाओं/नम्बरों आदि के प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया गया व बताया गया कि किसी भी प्रकार की हिंसा या शोषण को नज़रअंदाज़ न करें और तुरंत अपनी बात परिवार, विद्यालय अथवा पुलिस से साझा करें।